**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**26.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1800बजे**

**महाशिवरात्रि**

महाशिवरात्रि का पर्व आज प्रदेश भर में धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ लगी है और भजन कीर्तनों से सारा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। शिमला के मिडल बाज़ार स्थित शिवालय में भक्तों ने भोलेनाथ को दूध, बेलपत्र सहित अन्य वस्तुएं अर्पित कीं।

शिमला के राधा कृष्ण मंदिर से आज भगवान शिव की बारात निकली जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सूद सभा शिमला के अध्यक्ष राजीव सूद ने बताया कि आज शाम से राम मंदिर में चार पहर की पूजा शुरू होगी जो कल सुबह तक जारी रहेगी।

इस बीच, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभमानाएं दी हैं।

**मंडी–शिवरात्रि**

उधर, मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव कल 27 फरवरी से भव्य शोभा यात्रा के साथ आधिकारिक रूप से शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। आज मण्डी में लघु जलेब और शिव की बारात निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता ................

**हैलीपोर्ट**

प्रदेश में 3 हैलीपोर्ट के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार ने प्रथम चरण की वन मंज़ूरी दे दी है। चम्बा ज़िले के होली, पांगी और कुल्लू ज़िले के मनाली में ग्रीन टैक्स बैरियर के पास हैलीपोर्ट बनाया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को हैलीपोर्ट निर्माण को लेकर सभी औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार ने हवाई संपर्क बढ़ाने को लेकर हैलीपोर्ट के विकास को विशेष प्राथमिकता दी है। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बताया कि सभी ज़िला मुख्यालयों और जनजातीय क्षेत्रों में 16 हैलीपोर्ट बनाकर हवाई संपर्क को मज़बूत करने के प्रयास जारी हैं।

**सांगला घाटी**

किन्नौर ज़िले की सांगला घाटी के रक्छम में पर्यटन विकास पर राज्य सरकार 5 करोड़ रूपए का निवेश करेगी। राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली ने आज शिमला में बताया कि इस परियोजना के तहत रक्छम, बटसेरी और खरोगला में रास्तों की मुरम्मत की जाएगी। इसके अलावा सांगला–कांडा तक ट्रॉली आधारित ट्रेल भी विकसित की जाएगी। बाली ने बताया कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार पर्यटन के बुनियादी ढांचे का विकास कर रही है और अनछुए क्षेत्रों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है।

**मौसम**

जनजातीय ज़िलों सहित राज्य की ऊंची चोटियों पर बीती रात से रूक–रूक हल्का हिमपात हो रहा है जबकि राजधानी शिमला सहित अन्य भागों में हल्की वर्षा हुई है। मौसम में बदलाव के चलते लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा और शिमला जिले की ऊंची चोटियों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन प्रदेश के अनेक भागों में भारी वर्षा व हिमपात की संभावना जताई है।